# बिहर सरकार

## वित्त (अंकेक्षण) विभाग

## पटना प्रमण्डल,पटना

**अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या :– 40/09–10**

**1. परिचचात्मक :–**

(क) अंकेक्षित लेखा का नाम :– जिला शिक्षा पदाधिकारी ,पटना

(ख) लेखा के प्रभारी पदाधिकारियों के नाम,पदनाम एवं अवधि :–

(i) एजाज शोएव हासमी –जिला शिक्षा पदाधिकारी दिं0 1.4.04 से 18.7.05 तक

(ii) श्री अजीत कुमार – जिला शिक्षा पदाधिकारी दिं0 18.07.05 से 30.06.06

(iii) श्री मती किरण कुमारी – जिला शिक्षा पदाधिकारी दिं0 30.06.06 से अधतन्

(iv) श्री उदय बिहारी पाण्डेय रोकड़ पाल/लिपिक दिं0 01.04.04 से 31.03.07 तक

(ग) अंकेक्षण में सहयोग देने वाले कर्मचारियों का नाम :–

(i) श्री अमर कुमार सिन्हा लिपिक

(ii) श्री तकी इमाम लिपिक

(iii) श्री योगेन्द्र राय लिपिक

(ध) अंकेक्षित अवधि :– वर्ष 2004–05 से 2006–07 तक

(ड़) वरीय अंकेक्षकों के नाम :–

(i) श्री अशोक कुमार दास वरीय अंकेक्षक – II

(ii) श्री रमेश प्रसाद वरीय अंकेक्षक – II

(iii) श्री रवीन्द्र नाथ सिंह वरीय अंकेक्षक – II

(च) अंकेक्षण प्रारम्भण तिथि – 22.04.2008

(छ) अंकेक्षण सत्यापन तिथि – 10.08.2008

(ज) आंवटित कार्य दिवस – 40X3=120 कार्य दिवस

(झ) व्यतीत कार्य दिवस – 104 कार्य दिवस

(ञ) अंकेक्षण में प्रस्तुत एवं अप्रस्तुत अभिलेखो की सूची :–

अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट ''अ'' पर द्वष्टव्य ।

**अंकेक्षण का क्षेत्र :–**

विभागीय परिपत्र सं0 3286 दिनांक 15 सितम्बर 1960 में निहित अनुदेशों के आलोक में कार्यालय द्वारा प्रस्तुत किये गये अभिलेखो के आधार पर अंकेक्षण कार्य सम्पन्न किया गया। इस कार्यालय द्वारा वर्ष 04–05 सें 06–07 तक की जमा एंव निकासी, जिला कोषागार पटना से की गई थी जिसका सत्यापन शत् प्रतिशत किया गया एंव सही पाया। इस कार्यालय के अर्न्तगत चार प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय संचालित था। जिसका भुगतान इसी कार्यालय स्थापना अन्तर्गत किया गया था। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना द्वारा अल्प सख्ंयक विद्यालय,मदरसा विद्यालय एवं संस्कृत विद्यालयों का भी संचालन किया जाता था जिसका भुगतान भी इस कार्यालय के माध्यम से किया जाता था।जिसका सत्यापन सगंत अभिलेखों की गई। पूर्व का अंकेक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध नही कराया गया फलतः पूर्व का अंकेक्षण प्रतिवेदनों की लम्बित कंडिकाओं का अनुपालन सत्यापन नही किया जा सका।

**वित्तीय समीक्षा :–**

जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना के लेखा वर्ष 04–05 से 06–07 तक का स्थापना मद में व्यय के साथ चार प्रोजेक्ट कन्या विद्यालयों का व्यय सन्निहित था। जिसका आवंटन–व्यय विवरणी इस प्रतिवेदन के परिशिष्ट ''ख'' एवं ''ग'' वर्णित है।

इस कार्यालय अन्तगर्त 12 सस्ंकृत विद्यालयों 18–अल्पसंख्यक विद्यालयों तथा 05 मदरसा विद्यालयों संचालित होते थे, जिसका रोकड़ पुस्त अलग–अलग संधारित किया गया था,तथा इसका आय का श्रोत भी अलग–अलग था,जिसका विवरण निम्नवत् है :–

(I) 12–संस्कृत विद्यालय :–

इस विद्यालय के संचालन हेतु सचिव बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड पटना से अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत विद्यालयों के कर्मियों के वेतनादि का भुगतान हेतु बैंक ड्राफ्ट द्वारा राशि जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध करायी गई थी, जिसे सेन्ट्रल बैंक आफ इन्डिया फेजर रोड पटना के खाता सं0 1021 में जमा कर कर्मियो को भुगतान चेक द्वारा की जाती थी।

(II) अल्प संख्यक विद्यालय –

इस कार्यालय द्वारा 18 अल्पसख्ंयक विद्यालय संचालित थी उक्त विद्यालय हेतु निदेशक माध्यमिक शिक्षा बिहार पटना द्वारा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम राशि से उपलब्ध करायी जाती थी तथा व्यय खाता के माध्यम से किया जाता था।

(III) मदरस विद्यालय :–

इसके अन्तर्गत 05 मदरसा विद्यालय संचालित था विशेष निदेशक माध्यमिक शिक्षा बिहार पटना द्वारा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से राशि उपलब्ध करायी जाती थी। तथा व्यय अन्य विद्यालयों की तरह ही किया पाय गया।

उक्त रोकड़ पुस्तो के संवरण शेष की स्थिती निम्नवत् पायी गयी :–

| दिनांक | संस्कृत विद्यालय के रोकड़ पंजी की स्थिती | अल्प संख्यक विद्यालय कें रोकड़ पंजी की स्थिति | मदरसा विद्यालय के रोकड़ पंजी की स्थिति |
|---|---|---|---|
| 01.04.2004 | 2,64,959=00 | 72,77,583=40 | 2,02,483=00 |
| 31.03.2005 | 45.32=00 | 3,04,59,508=40 | 71,338=00 |
| 31.03.2006 | 12292=00 | 1,23,13,871=40 | 4,46188=00 |
| 31.03.2007 | 7,74,276=00 | 4,77,62,322=40 | 4,06,847=00 |

उक्त विद्यालयों के संचालन हेतु प्राप्त राशि को व्यय होने के पश्चात् वर्ष के अन्त में शेष बची राशि को प्रत्यर्पित नही की गई थी बल्कि अगले वित्तीय वर्ष में खर्च किया गया था।

उक्त विद्यालयों का आय का मुख्य श्रोत निदेशक माध्यमिक शिक्षा बिहार पटना के अतिरिक्त अन्य श्रोतो भी थे, जैसे :–

(क) बिहार राज्य एडस नियंत्रण समिति स्वास्थय विभाग बिहार पटना से रू0 49,500=00

(ख) राजीव गाँधी अक्ष्य उर्जा दिवस हेतु उप विकास आयुक्त पटना द्वारा प्राप्त राशि 15000=00

उक्त दोनो राशि को कार्यालय के रोकड़ पंजी में अंकित नही पाया गया और न किसी अन्य पंजी में अंकित पाये गयें। अभिश्रवों के रक्षित संचिका की जाँच में उक्त राशि को व्यय किया पाया गया।

जाँच क्रम में यह भी पाया गया कि अल्प संख्यक विद्यालयों के वेतनादि भुगतान हेतु ,रू0 58,76,640=00 निदेशक माध्यमिक शिक्षा से प्राप्त राशि को कार्यालय कें खाता (खाता सं0 01000006959 भारतीय स्टेट बैंक पटना) में जमा किया गया लेकिन रोकड़ पुस्त मे व्यय पक्ष में अंकित कर दी गई थी, जिसका विस्तृत विवरण अनुवर्ती कंडिका में की गई है।

स्थापना से सम्बधित रोकड़ पुस्त में दर्ज वर्ष 04–05 से 06–07 की सवंरण शेष स्थिति निम्नवत् पायी गई :–

| दिनांक | संवरण शेष की राशि |
|---|---|
| 01.04.2004 | 1,92,279=42 |
| 31.03.2005 | 6,66,682=42 |
| 31.03.2006 | 1,86,595=42 |
| 31.03.2007 | 1,97,811=42 |

**भौतिक सत्यापन :–**

वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना के ज्ञापांक 503 दिनांक 29.01.76 में निहित निदेश के आलोक में अंकेक्षण प्रारभ्भण तिथी को रोकड़ पंजी में दर्ज सवंरण शेष का भैतिक सत्यापन क्रम में सवंरण शेष की राशि निम्नवत् पायी गई :–

1. बैंक मे जमा सुरक्षित राशि – 500=00
2. पुराना बैंक ड्राफ्ट – 54,558=42
3. व्यवहारिक परीक्षा – 7,512=00
4. वर्ष 2000–01 का प्रोजेक्ट की राशि – 7,303=00
5. वर्ष 2001–02 का प्रोजेक्ट की राशि – 57,822=00
6. महामहिय राष्ट्रपति के बिहार परिदर्शन की राशि–58,750=00
7. सर्वेक्षण कार्य से सम्बन्धित राशि – 150=00
8. नंदिता मिश्रा को भुगतान नही होने के कारण राशि – 11,216=00

कुल रूपये – 1,97,811=42

रूपये 1,97,811=42 अव्यवहित रूप में रखे जाने के सम्बन्ध में विस्तृत आपत्ति आगे की कंड़िका में की गयी है।

स्वीकृत बल कार्यरत बल एवं रिक्त पद की स्थिती :–

| क्रमांक | पदनाम | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला शिक्षा पदाधिकारी | 01 | 01 | – |
| 2 | लिपिक | 09 | 09 | – |
| 3 | आशुलिपिक | 01 | 01 | – |
| 4 | सांख्यिकी | 01 | 01 | – |
| 5 | जीप चालक | 01 | 01 | – |
| 6 | आदेशपाल | 04 | 04 | – |
| | कुल | 17 | 17 | शून्य |

जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना के नियंत्रनाधीन स्कूलों की संख्या निम्नवत् हैः–

1. राजकीयकृत विद्यालय 168
2. राजकीय विद्यालय 21
3. अल्पसंख्यक विद्यालय 18
4. मदरसा विद्यालय 05
5. संस्कृत विद्यालय 12

**2. वेतन मद में रू0 620=00 का अधिक भुगतान वसूली योग्य :–**

संस्कृत विद्यालय सोनकुकरी मसौड़ी के वेतन भुगतान पंजी के जाँच क्रम में पाया गया कि श्री सुवशं शर्मा ,प्रधानाध्यापक एवं श्री रवीन्द्र पाण्डेय सहायक शिक्षक को वेतन मद में क्रमशः रू0 20.00 एवं 600.00 का अधिक भुगतान किया गया,विवरण निम्नवत् है:–

| क्रमांक | नाम एवं पदनाम | वेतन | मं0 भत्ता | भुगतीत राशि | भुगतान योग्य राशि | अन्तर | भुगतान तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुवशं शर्मा प्र0 अ0 | 2390X12 =28680 | 2988 X12 =35856 | 64556 | 64536 | 20 | 2.8.04 |
| 2 | श्री रवीन्द्र पाण्डेय स0 शि0 | 1300 X12 =15600 | 1625 X12 =19500 | 35700 | 35100 | 600 | 2.8.04 |
| | | | | | कुल | 620=00 | |

उक्त कर्मचारियों को दिनांक 01.04.03 से दिनांक 31.03.04 तक कुल 12 माह का वेतनादि का भुगतान चेक सं0 353846 दि0 2.08.04 (उप भाउचर सं0 26) द्वारा दिनांक 02.08.04 को किया गया। उक्त कर्मचारियों कों कुल रू0 620=00 का अधिक भुगतान सें सम्बधित निर्गत आपत्ति कें अनुपालन में, बताया गया कि सम्बधित विद्यालय कें शिक्षको को अधिक प्राप्त राशि को चलान सें जमा करने का निदेश दिया गया लेकिन अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक वसूली नही हुई।

अतः सम्बधित कर्मचारियों से रू0 620=00 वसूल कर प्रतिफल सें वित्त(अंकेक्षण) विभाग कों अवगत कराया जाए।

**3. आकस्मिक अभिश्रव में रू0 100=00 का अधिक भुगतान वसूली योग्य :–**

आकस्मिक अभिश्रवों एवं आकस्मिक पंजी ,वर्ष 06–07 के जाँच क्रम में पाया गया कि विपत्र सं0 103/06–07 द्वारा कुल रू0 6020=00 की निकासी की गई जिसमें अभिश्रव सं0 19/23.01.07 द्वारा office of the G.P III को रू0 549=00 भुगतान दर्शाया गया था जबकि निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा रू0 449=00 का अभिश्रव पारित किया गया। पारित अभिश्रय के विरूद्ध आकस्मिक पंजी एवं रोकड़ पंजी में रू0 549/– अंकित किये गये। इस प्रकार रू0 549–रू0 449 रू0 100=00 का अधिक भुगतान दिखाया गया था।

अतः रू0 100=00 आकस्मिक मद में अधिक राशि अंकित करनें वाले दोषी कर्मचारी से वसूलकरा कोषगार में जमा की जाए एक प्रतिफल वित्त(अंकेक्षण) विभाग कों अवगत कराया जाए।

**4. रू0 54558=42 की पुरानी चेक रोकड़ पुस्त में पड़े रहने के कारण क्षति :–**

स्थापना से सम्बधित रोकड़ पुस्त के संवरण शेष मे, रू0 54558=42 का पुराना बैंक ड्राफ्ट /चेक के रूप में ,कुल 75 की संख्या में वर्ष 1971 से वर्ष 1997 यानि 9 सें 35 वर्षो की पुरानी है, जिसे समय पर नही भुनाने कें कारण राजकोष में कुल रू0 54558=42 की हानि/क्षति हुई।

उक्त राशि की क्षति के सम्बन्ध में निर्गत आपत्ति अनुपालन में कोई कार्रवाई नही की गई जो वित्तीय अनियमियता का धोतक था।

अतः प्रशासी विभाग के उच्चाधिकारीयों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है कि बैंक ड्राफ्ट/चेक सें सम्बधित राशि रू0 54558=42 के सम्बन्ध जाँच कर क्षति पूर्ति की कार्रवाई की जाय एवं प्रतिफल से वित्त(अंकेक्षण) विभाग को अवगत कराया जाए।

**5 दूरभाष मद में रू0 210=00 की क्षति :–**

आकस्मिक अभिश्रवों एवं आकस्मिक पंजी के जाँच क्रम में पाया गया कि दूरभाष सं0 2225337 विपत्रों की भुगतान तथा समय पर नही कियें जाने के फलस्वरूप रू0 210=00 का क्षति हुई, जिसका विवरण निम्नवत् है

| क्रमांक | अवधि | विपत्र सं0 | अभिश्रव सं0 | वास्तविक राशि | भुगतान की गई राशि | अन्तर | भुगतान तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.01.03 से 28.2.03 | 73 04—05 | 1 04—05 | 1239=00 | 1279=00 | 40=00 | 20.10.04 | समय पर विपत्र का भुगतान नही करनें के कारण |
| 2 | 01.03.03 से 30.04.03 | 73 04—05 | 2 04—05 | 3196=00 | 3266=00 | 70=00 | 20.10.04 | समय पर विपत्र का भुगतान नही करनें के कारण |
| 3 | 01.05.03 से 30.06.03 | 73 04—05 | 3 04—05 | 3870=00 | 3970=00 | 100=00 | 20.10.04 | समय पर विपत्र का भुगतान नही करनें के कारण |
| | | | | | कुल रूपये | 210=00 | | |

अतः उत्तरदायी/दोषी कर्मचारी से क्षति की पूर्ति कर प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग को अवगत कराया जाए।

**6. पूर्व जिला शिक्षा पदा0 का वेतन भद में रू0 7,53,285=00 का भुगतान सें सम्बधित अभिलेख अप्रस्तुत आपत्तिन्तर्गत :—**

स्थापना सें सम्बधित रोकड़ पंजी एवं वेतन भुगतान के जाँचक्रम में पाया गया कि पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना के वेतन भद में कुल रू0 7,53,288=00 का भुगतान माह मार्च 04 से जून 06 तक किया पाया गया,जिसका विस्तृत विवरण अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट ''झ'' पर अंकित है।

रू0 7,53,285=00 के व्यय से सम्बधित अभिलेख अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक उपलब्ध नही कराया गया। निर्गत आपत्ति के अनुपालन में भी कोई पहल नही की गई।

अतः रू0 7,53,285=00 के व्यय को सक्षम पदाधिकारी द्वारा जाँच करा कर प्रतिफल से वित्त(अंकेक्षण) विभाग को अवगत कराया जाय तबतक व्यय को आपत्तिन्तगर्त रखा जाता है।

**7. शिक्षक नियोजन हेतु आकस्मिक मद में रू0 1,19,823=00 का व्यय आपत्ति अन्तर्गत :–**

आकस्मिक व्यय से सम्बधित अभिश्रवों एवं प्रस्तुत संगत अभिलेखो के जाँच क्रम में पाया गया कि शिक्षक नियोजन हेतु,वर्ष 06–07 में कुल रू0 1,19,823=00 का व्यय किया गया था, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क्रम सं0 | विपत्र सं0 | व्यय का प्रयोजन | राशि | रोकड़ पंजी में दर्ज तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 100/06–07 | शिक्षक नियोजन हेतु कार्यालय व्यय | 37,848=00 | 23.3.07 | |
| 2 | 101/06–07 | ,, | 12,074=00 | ,, | |
| 3 | 102/06–07 | ,, | 63,881=00 | ,, | |
| 4 | 103/06–07 | ,, | 6020=00 | ,, | |
| | | कुल रू0 | 1,19,823=00 | | |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट होगा कि रू0 1,19,823=00 का व्यय शिक्षक नियोजन हेतु विभिन्न विपत्रो की निकासी कर की गई थी लेकिन सामग्रियों के क्रय के पूर्व एवं क्रय कें पश्यात् विहित प्रक्रियाओ का पालन बिलकुल ही नही किया गया नियमानुसार समानो के क्रय हेतु निम्नलिखित प्रक्रियाओं का अनुपालन किया जाना आवश्यक था :–

(क) समानों की आवश्यकता से संबधित अभियाचना,
(ख) क्रय हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वारा स्वीकृति,
(ग) क्रय समिति द्वारा मूल्यों का अनुमोदन,
(ध) विश्वसनीय प्रतिष्ठानों एवं पंजीकृत संस्थानो से क्रय किया जाना
(ड) क्रय कें उपरान्त सामग्रियों का नियमानुसार भंडार प्रविष्टि कर वितरण किया जाना एवं समानो को प्राप्त करने अथवा उपयोग करने वाले कर्मचारियों /व्यक्तियों की पावती रसीद प्राप्त किया जाना।

आकस्मिकता मद अन्तर्गत्त व्यय के सम्बध में बिहार–वित्त नियमावली भाग–2 का परिशिष्ट–5 तथा सामाग्री खरीद के सम्बध में परिशिष्ट –8 में दिये गये प्रावधानो को द्वष्टिवय में रखना आवश्यक था, परन्तु–

(i) उक्त प्रावधानों का इस कार्यालय द्वारा अनदेखी की गई। अभिश्रवों के जाँच क्रम में पाया गया कि एक ही तिथि की समान बार–बार कर क्रय किया गया था तथा फोटो

कॉंपी पर भी काफी राशि खर्च की गई। अभिश्रवों के अवलोकन से प्रतीत होता है कि सामग्रियो का क्रय नही किया गया था बल्कि अभिश्रव प्रत्यारोपित की गई थी।

(ii) भंडार पंजी – कार्यालय द्वारा जो भंडार पंजी प्रस्तुत की गई ,उसे भंडार पंजी की संज्ञा नही दी जा सकती।

(iii) निर्गत पंजी – भंडार पंजी (तथाकथित) के दूसरे पृष्ट पर ही अंकित पाया गया कि सभी सामग्रियो का खर्च कार्यालय द्वारा की गई अथार्त् वितरण से संबधित कोई भी कॉंलम का सधारण नही किया गया था। कुछ पंजी पर किसी पदाधिकारी या कर्मचारी का हस्ताक्षर भी नही पाया गया।

उक्त तथ्यों के आलोक में सामानो की क्रय की सत्यता संदिग्ध प्रतीत होती है। अतः शिक्षक नियोजन पर व्ययगत राशि की जाँच उच्च पदाधिकारी द्वारा होने तक रू0 1,19,823=00 को आपत्ति अन्तर्गत रखा जाता है।

**8. रू0 29066=00 का अभिलेख अप्रस्तुत, के कारण आपत्ति अन्तर्गत :–**

लेखा वर्ष 2006–07 के रोकड़ पंजी के जाँच क्रम में पाया गया कि कुल रू0 29,066=00 का अभिलेख उपलब्ध नही कराया गया फलतः व्यय की प्रमाणिकता की जाँच नही जा सकी विवरण निम्नवत् है :–

| क्रम सं0 | विपत्र सं0 | विवरण | राशि | व्यय की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 107 / 06–07 | दूरभाष विपत्र का भुगतान | 2114=00 | 31.03.07 |
| 2 | 105 / 06–07 | श्रवण कुमार जीप चालक | 981=00 | 31.03.07 |
| 3 | 106 / 06–07 | कन्हाई चौधरी | 1775=00 | 31.03.07 |
| 4 | 104 / 06–07 | कार्यालय स्थापना का यात्रा भता | 6198=00 | 23.03.07 |
| 5 | – | नवोदय विद्यालय परीक्षा में भुगतान | 18,000=00 | 8.2.07 |
| | | योग – | 29066=00 | |

इस प्रकार रू0 29066=00 से सम्बधित अप्रस्तुत अभिलेख के सक्षम पदाधिकारी द्वारा जाँच कराकर प्रतिफल से वित्त(अंकेक्षण) विभाग को अवगत् कराया जाय तब तक व्यय को आपत्ति अन्तगर्त रखा जाता हैं।

**9. आकस्मिक मद में रू0 19295=00 व्यय आपत्ति अन्तर्गत :–**

आकस्मिक व्यय सें सम्बधित आकस्मिक अभिश्रवों एवं प्रस्तुत संगत अभिलेखो के जाँच क्रम में पाया कि कार्यालय व्यवहार हेतु आकस्मिक मद में विभिन्न अभिश्रवों द्वारा कुल रू0 19295=00 व्यय किया गया था जिसका विस्तृत विवरण अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'ट' पर द्वष्टव्य

अभिश्रवों के जाँच क्रम में पाया गया कि,कार्यालय द्वारा क्रीत सामग्रियों की भंडार प्रविष्टि नही की गई और न ही समानो को प्राप्त करने अथवा उपयोग करने वाले कर्मचारियों /व्यक्तियो की पावती ही पाया गया। अभिश्रवों के अवलोकन से ऐसा प्रतीत हुआ कि ,सामग्रियो का क्रय नही किया गया, मात्र अभिश्रव प्रत्यारोपित की गई।

उक्त तथ्यों के आलोक में सामग्रियो का क्रय की सत्यता संदिग्ध /प्रतीत होती है। इस ओर उच्च अधिकारियों का तथा आकृष्ट किया जाता है कि सामाग्रियो का क्रय बिहार वित्त नियमावली भाग–2 का परिशिष्ट –8 में दिये गये प्रावधनों का अनुपालन किया जाए।

उक्त प्रावधानों की अनदेखी करने के कारण रू0 19295=00 का व्यय को सक्षम पदाधिकारी द्वारा जाँच होने तक आपत्ति अन्तर्गत रखा जाता है।

**10. यात्रा भता मद में रू0 9999=00 पै0 आपात्ति अन्तर्गत :–**

यात्रा भता भुगतान पंजी एवं रोकड़ पंजी के जाँच क्रम में पाया गया कि वर्ष 05–06 में पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं कार्यालय कर्मचारियों को यात्रा भता मद में कुल रू0 9,999=00 पै0 का भुगतान किया गया था, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| क्रम सं0 | नम एवं पदनाम | माह | विपत्र सं0 | राशि | भुगतान तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अजीत कुमार जि0 शि0 पदा0 | अगस्त,05 | 127/05–06 | 1984=00 | 31.3.06 | |
| 2 | श्री अजीत कुमार जि0 शि0 पदा0 | सितम्बर 05 | 127/05–06 | 792=00 | 31.3.06 | |
| 3 | श्री अजीत कुमार जि0 शि0 पदा0 | दिसम्बर 05 | 127/05–06 | 1728=00 | 31.3.06 | |
| 4 | श्री रामेश प्रसाद | 6.4.05 से | 130/05–06 | 1165=00 | 31.3.06 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | आदेशपाल | 2.6.05 तक | | | | |
| 5 | श्री कन्हाई लाल आदेशपाल | 2.6.05 से 24.7.05 तक | 130/05–06 | 2000=00 | 31.3.06 | |
| 6 | श्री राम दुलार महतो पिउन | 5.4.05 से 15.5.05 | 130/05–06 | 1165=00 | 31.3.06 | |
| 7 | श्री वीरेन्द्र प्रसाद पिउन | 7.4.05 से 30.5.05 | 130/05–06 | 1165=00 | 31.3.06 | |

कुल रू0 9,999=00 पै0

यात्रा भता मद में रू0 9,999=00 पै0 का व्यय से सम्बधित यात्रा भता विपत्रों की कार्यालय प्रति,उपस्थिति पंजी,यात्रा से सम्बधित आदेश की प्रति अंकेक्षण में उपलब्ध नही कराया गया, फलतः व्ययगत राशि का जाँच नही किया जा सका। अतः व्ययगत राशियों से सम्बधित सभी अभिलेख को सक्षम पदाधिकारी द्वारा जाँच कराकर प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग को अवगत कराया जाय तब तक व्यय की गई रू0 9,999=00 को आपत्ति आन्तर्गत रखा जाता हैं।

## भाग–2

### 11. सवंरण शेष की रू0 1,97,811=42 अव्यवहित राशि कोषागार जमा योग्य :–

स्थापना सें सम्बधित रोकड़ पुस्त के जाँच क्रम में पाया गया कि संवरण शेष में अंकेक्षण अवधि वर्ष 04–05 से 06–07 से अध्तन आथार्त् अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक रू0 1,97,811=42 अनावश्यक रूप में रखी हुई पायी गई जिसका विस्तृत विवरण भौतिक सत्यापन की कंडिका में द्वष्टव्य /विवरण :–

| | | |
|---|---|---|
| i | बैक में जमा सुरक्षित राशि | 500=00 |
| ii | पुराना बैक ड्राफ्ट | 54,558=42 |
| iii | व्यवहारिक परीक्षा | 7,512=00 |
| iv | वर्ष 2000–01 का प्रोजेक्ट की राशि | 7,303=00 |
| v | वर्ष 2001–02 का प्रोजेक्ट की राशि | 57,822=00 |
| vi | महामहिय राष्ट्रपति के बिहार परिदर्शन की राशि | 58,750=00 |
| vii | सर्वेक्षण कार्य सें सम्बधित राशि | 150=00 |
| viii | नंदिता मिश्रा को भुगतान नही होने के कारण | 11,216=00 |

रू0 – 1,97,811=42

(क) रू0 54558=42 का पुराना बैक ड्राफ्ट /चेक कें रूप में रखे गयें कुल 75 की संख्या में है जो वर्ष 1971 से वर्ष 1997 यानि 9 से 35 वर्ष पुरानी है जिसे समय पर नही भुनाने के कारण रू0 54558=42 की हानि/क्षति राजकोष को हुई जिसे पृथक रूप से कंडिका –4 में उल्लेख किया गया।

(ख) वर्ष 2000–01 एवं 2001–02 की प्रोजेक्ट की राशि रू0 7303=00 + 57822=00 – 65125=00 अव्यवहित रूप में वर्षो से रखी हुई पायी गई जिसे कोषागार में जमा कर प्रतिफल सें वित्त अंकेक्षण विभाग को अवगत कराया जाए।

(ग) रू0 58750=00 महामहिम राष्ट्रपति के बिहार परिदर्शन की बची राशि वर्षो में रखी हुई पायी गई जिसे प्रशासी विभाग से अनुमति प्राप्त कर जमा की जाए तथा प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग को भी अवगत कराया जाए।

(ध) रू0 11,216=00 जो नंदिता मिश्रा को भुगतान नही होने के कारण अनावश्यक रूप में रोकड़ पंजी से सवंरण शेष में रखी गई। अतः रू0 11,216=00 को कोषागार मे जमा कर प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) को अवगत कराया जाए।

उक्त सभी राशि को अनावश्यक रूप में रखे जाने के सम्बन्ध में आपत्ति उठायी गई लेकिन अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक कोई कार्रवाई नही की गई जो वितीय अनियमिता को धोतक है।

अतः सम्बधित राशि प्रशाखी विभाग से अविलम्ब दिशा निर्देश प्राप्त कर तदनुसार कार्रवाई कर प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग को अवगत कराया जाए।

**12. अंकेक्षण की द्वष्ट्रात पर वेतन मद (आय–कर) में रू0 3285=00 वसूली :–**

वेतन भुगतान पंजी ,वर्ष 06–07 के जाँच क्रम में पाया गया कि श्री मती किरण कुमारी जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना का वेतन ,विपत्र संख्या 98/06–07 द्वारा माह फरवरी 07 का निकासी कर दिनांक 19.03.2007 कों भुगतान किया गया। उल्लेखनीय है कि माह फरवरी का वेतन भुगतान आय कर कटौती कर ही करने का प्रावधन है। इसी परिपेक्ष्य में इनके वेतन से आय–कर मद में मात्र रू0 4814=00 की कटौती की गई थी जबकि वर्ष 06–07 की आय–कर गणना के अनुसार रू0 8099=00 का कटौती करना चाहिए था इस प्रकार रू0 8099–4814–रू0 3285=00 कम कटौती की गई।

अंकेक्षण आपत्ति के अनुपालन में रू0 3285=00 चलान द्वारा जमा कर दी गई जिसका सत्यापन अंकेक्षण दल द्वारा कर ली गई।

### 13. दूरभाष उपयोग हेतु दूरभाष लौंग बुक संधारण के सम्बन्ध में :–

अभिश्रवों के जाँच क्रम में  पाया गया कि दूरभाष विपत्रों का भुगतान कुल रू0 23,516=00 का बिना लौग बुक संधारित किये ही किया गया था विवरण निम्नवत् है।

| क्रमाक | अवधि | विपत्र सं0 | अभिश्रव सं0 | राशि | तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि0 11.05.03 से 21.08.04 तक | 73 / 04–05 | 05 04–05 | 12,100=00 | 20.10.04 | अभिश्रव एवं लौग बुक अप्रस्तुत |
| 2 | दि0 11.1.05 से 11.12.05 तक बकाये का भुगतान | 107 / 05–06 | चेक सं0 359188 | 11,416=00 | 31.3.06 | लौग बुक अप्रस्तुत |
| | | | कुल रू0 | 23516=00 | | |

जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में दूरभाष न0 2225337 पर कुल रू0 23516=00 का व्यय किया गया जिसके लिए एक लौग–बुक संधारित करना आवश्यक था। दूरभाष लौग बुक में कार्यालय–कार्य से सम्बंधित कॉल एवं निजी कार्य हेतु कियें गयें कॉलो का विवरण अलग–अलग अंकित किया जाना चाहिए था। निजी कार्यो हेतु कियें गये कॉल के लिए निर्धारित शुल्क वसूलनीय थी। दूरभाष विपत्र भुगतान करने सें पूर्व संबधित अभिश्रवों पर इस आशय का प्रमाण–पत्र अंकित करना आवश्यक था कि निजी कॉल की शुक्ल निर्धारित दर पर वसूल की गई थी एवं शेष राशि कार्यालय कार्य से संबधित कॉल की गयी थी।

कार्यालय द्वारा उक्त प्रावधानों की अनदेखी –की –गई थी। इस ओर उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है कि भविष्य में, उक्त प्रावधानो को द्वष्टिपथ में रखकर टेलीफोन पर व्यय की गई राशि का दुरपयोग पर रोक लगायी जा जाय। तथा दूरभाष लौग बुक का संधारण किया जाय।

### 14. भविष्य निधि अग्रिम की राशि 50,000=00 असमायोजित :–

वेतन भुगतान पंजी वर्ष 2005=06 कें जाँचक्रम में पाया गया कि श्री दुलार महतो आदेशपाल एवं श्री रमेश प्रसाद आदेशपाल को विपत्र सं0 37 / 05=06 एवं विपत्र संख्या 38 / 05–06 द्वारा क्रमशः रू0 30,000.00 रू0 20,000.00 – का अस्थायी भविष्य निधि अग्रिम का भुगतान दिनांक 16.07.05 को किया गया, जिसकी कटौती उनके अगले माह के वेतन

सें 24 समान किस्तों में करना था,लेकिन माह मार्च 2008 तक उक्त कर्मचारियों से किस्तो की कटौती प्रारभ्भ नही किया गया।

अंकेक्षण आपत्ति कें अनुपालन में किस्तों की कटौती,अथार्त् अग्रिम का समायोजन नही किया गया।

अतः सुझाव दिया जाता है कि सम्बधित कर्मचारी सें भविष्य निधि अग्रिम रू0 50,000/ का समायोजन कर प्रतिफल से वित्त(अंकेक्षण) विभाग,बिहार पटना कों अवगत कराया जाए।

## 15. कार्यालय द्वारा क्रय से सम्बधित सुझाव :–

1. क्रय करने से पहले न्यूनतम तीन आपूर्तिकर्त्ता से कोटेशन प्राप्त कर मूल दरों की तुलनात्मक विवरणी बनाना चाहिए,तत्पश्यात् न्यूनतम दर पर अंकित करनें वाले आपूर्तिकर्त्ता से क्रय किया जाना चाहिए।
2. कोटेशन वैसे आपूर्तिकर्त्ता /दुकानदार से प्राप्त करना चाहिए जिसे विक्रीकर VAT NO. अंकित किया गया हो अथार्त् फर्म निबंधित हो तथा आय–कर दाता हों।
3. कार्यालय के वर्षभर कें आवश्यकता का आकलन कर सही गुणवता एवं सही मात्रा वाली वस्तु का क्रय किया जाना चाहिए।
4. सामग्री क्रय करने के तत्काल बाद आपूर्ति किए गये वस्तुओं की प्राप्ति भंडार पंजी में दर्ज करना अनिवार्य है एवं अभिश्रवों पर इस बात का प्रमाण –पत्र अंकित रहना चाहिए कि आपूर्ति प्राप्त सामग्री को भंडार पंजी में अंकित कर दिया गया है।

## भंडार पंजी का संधारण :–

1. भंडार पंजी में क्रीत सामग्रियों को अंकित करना एवं भंडार पंजी के पृष्ट संख्या का सन्दर्भ संबधित अभिश्रव पर अंकित करना चाहिए तथा तत्संबंधी प्रमाण पत्र दर्ज करना आवश्यक होता है कि आपूर्ति –प्राप्त सामग्री की ''गुणवता एवं सही मात्रा ही प्राप्त किया गया है।
2. विभिन्न सामग्रियों के लिए भंडार पंजी में अलग–अलग पृष्ट संधारित कर उसकी प्राप्ति की मात्रा एवं निगर्त किये जानें की मात्रा भंडार पंजी में अंकित किया जाना चाहिए।
3. कार्यालय प्रधान/पदाधिकारी या उनके द्वारा प्रधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा तिमाही/अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक आधार पर सामग्रियों का भैातिक सत्यापन किया जाना आवश्यक है एवं तत्संम्बधी प्रमाण–पत्र भंडार पंजी पर अंकित करना चाहिए।
4. तीन प्रकार का भंडार पंजी संधारित किया जाना चाहिए :–
   (क) अस्थायी भंडार पंजी – दैनिक उपयोग की सामग्रियों के लिए।
   (ख) स्थायी भंडार पंजी – फर्नीचर ,पंखे ,अलमीरा आदि स्थायी सामग्रियो के लिए।
   (ग) मृत भंडार पंजी – टुटे –फूटे सामग्रियो या खराब हुए सामानों हेतु पंजी ।

**<u>मिलान एवं जाँचकर्त्ता का हस्ताक्षार</u>**

(1)

(2)

लेखा नियंत्रक
वित्त(अंकेक्षण)विभाग,बिहार पटना

# परिशिष्ट – "क"

## आवंटन एवं व्यय विवरणी

## लेखा वर्ष 04–05

<table>
<tr><th>क्रमांक</th><th>मद का नाम</th><th>प्राप्त आवंटन</th><th>कुल व्यय</th><th>बचत</th><th>प्रत्यर्पण</th><th>अभ्युक्ति</th></tr>
<tr><td>1</td><td>वेतन</td><td>1529595.00</td><td rowspan="2">2275932.00</td><td rowspan="2">448.00</td><td rowspan="2">प्रत्यपर्ण से सम्बन्धित अभिलेख अप्रस्तुत</td><td></td></tr>
<tr><td>2</td><td>महँगाई भत्ता</td><td>746785.00</td><td></td></tr>
<tr><td>3</td><td>कार्यालय व्यय</td><td>30000.00</td><td>27226.00</td><td>2774.00</td><td>''</td><td></td></tr>
<tr><td>4</td><td>दूरभाष</td><td>21268.00</td><td>20723.00</td><td>545.00</td><td>''</td><td></td></tr>
</table>

# परिशिष्ट – ''क''

## आवंटन एवं व्यय विवरणी

## लेखा वर्ष 04–05

| क्रमांक | मद का नाम | प्राप्त आवंटन | कुल व्यय | बचत | प्रत्यर्पण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन (वेतन+म0 वेतन) | (1444270.00+576555.00)=2020825.00 | 2372473.00 | शून्य | | |
| 2 | महँगाई भत्ता | 351648.00 | | | | |
| 3 | कार्यालय व्यय | 30000.00 | 29649.00 | 351.00 | | |
| 4 | दूरभाष | 12000.00 | 11779.00 | 221.00 | | |
| 5 | यात्रा व्यय | 10000.00 | 9999.00 | 01.00 | | |
| 6 | वर्दी | 6000.00 | 6000.00 | शून्य | | |
| | | | | | | |

# परिशिष्ट – "ग"

## आवंटन एवं व्यय विवरणी

## लेखा वर्ष 06–07

| क्रमांक | मद का नाम | प्राप्त आवंटन | कुल व्यय | बचत | प्रत्यर्पण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन | 2539921.00<br>+501957.00<br>3044878.00 | 3024607.00 | 20271.00 | | प्रत्यपर्ण से सम्बन्धित अभिलेख अप्रस्तुत |
| 2 | महँगाई भत्ता | | | | | |
| 3 | कार्यालय व्यय | 11000.00<br>+120000.00<br>131000.00<br>शिक्षक नियोजन हेतु | 130679.00 | 321.00 | | |
| 4 | यात्रा व्यय | 11000.00 | 10508.00 | 492.00 | | |
| 5 | वर्दी | 1000.00 | 981.00 | 19.00 | | |
| 6 | टेलीफोन मद | 5000.00 | 2114.00 | 2886.00 | | |

# परिशिष्ट – "ग"

## आवंटन एवं व्यय विवरणी

## लेखा वर्ष 04–05

| क्रमांक | मद का नाम | प्राप्त आवंटन | कुल व्यय | अधिक व्यय | बचत | प्रत्यर्पण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन | 5155584.00 | 4935703.00 | | 219881.00 | प्रत्यपर्ण से सम्बन्धित अभिलेख अप्रस्तुत | |
| **लेखा वर्ष 05–06** | | | | | | | |
| 1 | वेतन | 2955444.00 | 2635400.00 | | 320044.00 | '' | |
| **लेखा वर्ष 06–07** | | | | | | | |
| 1 | वेतन | 3099762.00 | 2614729.00 | | 485033.00 | '' | |
| | | | | | | | |

## परिशिष्ट –''च''

## संस्कृत विद्यालयों का आय–व्यय विवरणी

### लेखा वर्ष 04–05

| क्र0 | मद का नाम | पूर्व की राशि | प्राप्त आवंटन | कुल राशि | कुल व्यय | अधिक व्यय | बचत | प्रत्यर्पण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन | 264959.00 | 3786644.00 | 4051603.00 | 4047071.00 | | 4532.00 | | |

### लेखा वर्ष 05–06

| क्र0 | मद का नाम | पूर्व की राशि | प्राप्त आवंटन | कुल राशि | कुल व्यय | अधिक व्यय | बचत | प्रत्यर्पण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन | 4532.00 | 4351766.00 | 4356298.00 | 4348538.00 | | 7760.00 | | |

### लेखा वर्ष 06–07

| क्र0 | मद का नाम | पूर्व की राशि | प्राप्त आवंटन | कुल राशि | कुल व्यय | अधिक व्यय | बचत | प्रत्यर्पण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन | 7760.00 | 10316846.00 | 10324606.00 | 9562622.00 | | 761984.00 | | |

# परिशिष्ट ''छ''

## अल्पसंख्यक विद्यालयों का आय–व्यय विवरणी

## लेखा वर्ष 04–05

| क्र0 | मद का नाम | पूर्व की राशि | प्राप्त राशि | कुल राशि | कुल व्यय | अधिक व्यय | बचत | प्रत्यर्पण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन | 7277583.40 | 60636284.00 | 67913867.40 | 37454359.00 | | 30459508.40 | | |

## लेखा वर्ष 05–06

| क्र0 | मद का नाम | पूर्व की राशि | प्राप्त राशि | कुल राशि | कुल व्यय | अधिक व्यय | बचत | प्रत्यर्पण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन | 30459508.40 | 42623735.00 | 73083243.40 | 60769372.00 | | 12313871.40 | | |

## लेखा वर्ष 06–07

| क्र0 | मद का नाम | पूर्व की राशि | प्राप्त राशि | कुल राशि | कुल व्यय | अधिक व्यय | बचत | प्रत्यर्पण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन | 12313871.40 | 96931691.00 | 109245562.40 | 61483240.00 | | 47762322.40 | | |

# परिशिष्ट ''ज''

## मदरसा विद्यालयों का आय–व्यय विवरणी

### लेखा वर्ष 04–05

| क्र0 | मद का नाम | पूर्व की राशि | प्राप्त राशि | कुल राशि | कुल व्यय | अधिक व्यय | बचत | प्रत्यर्पण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन | 202483.00 | 975633.00 | 1178116.00 | 1106778.00 | – | 71338.00 | प्रत्यपर्ण नही | |

### लेखा वर्ष 05–06

| क्र0 | मद का नाम | पूर्व की राशि | प्राप्त राशि | कुल राशि | कुल व्यय | अधिक व्यय | बचत | प्रत्यर्पण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन | 71338.00 | 1580323.00 | 1651661.00 | 1205473.00 | – | 446188.00 | '' | |

### लेखा वर्ष 06–07

| क्र0 | मद का नाम | पूर्व की राशि | प्राप्त राशि | कुल राशि | कुल व्यय | अधिक व्यय | बचत | प्रत्यर्पण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन | 446188.00 | 1736154.00 | 2182342.00 | 1775495.00 | – | 406847.00 | '' | |

## परिशिष्ट – "झ"

## अंकेक्षण प्रतिवेदन की कंडिका –6 से सम्बन्धित

## पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना के वेतन मद में अप्रस्तुत अभिलेख की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | विपत्र संख्या | विवरण | भुगतीत राशि | भुगतान तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2/04–05 | पदाधिकारी का वेतन माह मार्च 04 की राशि | 13960.00 | 22.4.04 | |
| 2 | 13/04–05 | पदाधिकारी का वेतन माह अप्रील 04 की राशि | 13960.00 | 13.5.04 | |
| 3 | 32/04–05 | पदाधिकारी का वेतन माह मई 04 की राशि | 13960.00 | 21.7.04 | |
| 4 | 33/04–05 | पदाधिकारी का वेतन जून 04 की राशि | 13960.00 | 21.7.04 | |
| 5 | 49/04–05 | पदाधिकारी का वेतन जुलाई 04 की राशि | 18083.00 | 10.09.04 | |
| 6 | 50/04–05 | पदाधिकारी का वेतन अगस्त 04 की राशि | 18083.00 | 10.09.04 | |
| 7 | 66/04–05 | पदाधिकारी का वेतन सितम्बर 04 की राशि | 18083.00 | 12.10.04 | |
| 8 | 78/04–05 | पदाधिकारी का वेतन अक्टूबर 04 की राशि | 18600.00 | 10.11.04 | |
| 9 | 85/04–05 | पदाधिकारी का वेतन | 18600.00 | 2.12.04 | |
| 10 | 89/04–05 | पदाधिकारी का वेतन | 18600.00 | 4.02.04 | |
| 11 | 91/04–05 | पदाधिकारी का वेतन | 18600.00 | 9.2.04 | |
| 12 | 117/04–05 | पदाधिकारी का अंतर वेतन का बकाया | 167799.00 | 11.03.04 | |
| 13 | 129/04–05 | पदाधिकारी का वेतन | 18600.00 | 31.03.04 | |
| 14 | 01/05–06 | पदाधिकारी का वेतन की राशि | 21120.00 | 15.04.05 | |
| 15 | 05/05–06 | पदाधिकारी का वेतन की राशि | 21120.00 | 11.05.05 | |
| 16 | 20/05–06 | पदाधिकारी का वेतन की राशि माह मई 05 का | 21120.00 | 03.06.05 | |
| 17 | 21/05–06 | पदाधिकारी का बकाया महँगाई भत्ता की राशि | 3078.00 | 03.06.05 | |
| 18 | 22/05–06 | पदाधिकारी का बकाया महँगाई भत्ता की राशि | 5040.00 | 3.06.05 | |
| 19 | 23/05–06 | पदाधिकारी का बकाया | 2328.00 | 3.06.05 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | महँगाई भत्ता की राशि | | | |
| 20 | 31/05–06 | पदाधिकारी का वेतन की राशि | 21702.00 | 01.07.05 | |
| 21 | 33/05–06 | पदाधिकारी का म0 भत्ता की राशि | 2910.00 | 15.7.05 | |
| 22 | 49/05–06 | तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना श्री एजान शोएव हाशयी | 10875.00 | 8.09.05 | |
| 23 | 58/05–06 | पदाधिकारी के वेतन की राशि | 41559.00 | 4.10.005 | |
| 24 | 59/05–06 | पदाधिकारी के वेतन की राशि | 19914.00 | 4.10.05 | |
| 25 | 60/05–06 | पदाधिकारी को भुगतान किया गया | 643.00 | 4.10.05 | |
| 26 | 62/05–06 | पदाधिकारी को भुगतान किया गया | 7212.00 | 21.10.05 | |
| 27 | 87/05–06 | पदाधिकारी को भुगतान किया गया | 3180.00 | 07.02.06 | |
| 28 | 88/05–06 | पदाधिकारी को भुगतान किया गया | 47380.00 | 07.02.06 | |
| 29 | 89/05–06 | पदाधिकारी को भुगतान किया गया | 23690.00 | 07.02.06 | |
| 30 | 126/05–06 | जिला शिक्षा पदाधिकारी का फरवरी 06 | 25190.00 | 31.3.06 | |
| 31 | 03/06–07 | पदाधिकारी का माह मार्च 06 का वेतन | 25190.00 | 06.05.06 | |
| 32 | 04/06–07 | पदाधिकारी का माह अप्रील 06 का वेतन | 25190.00 | 12.05.06 | |
| 33 | 10/06–07 | पदाधिकारी का माह मई 06 का वेतन | 25786.00 | 30.06.06 | |
| 34 | 13/06–07 | पदाधिकारी का माह जून 06 का वेतन | 25786.00 | 30.06.06 | |
| 35 | 14/06–07 | पदाधिकारी का महँगाई भत्ता का बकाया राशि | 2384.00 | 30.06.06 | |

कुल योग– 753285.00

## परिशिष्ट –''ट''

## अंकेक्षण प्रतिवेदन की कंडिका– 09 से सम्बन्धित

| वि0 सं0 | फर्म का नाम | अभिश्रव सं0 | विवरण | राशि | भुगतान तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 137/05–06 | पुस्तक एवं फार्म संसार पटना | 10/5.1.06 | एक्सटेन्सिल डुप्लीकेटिंग पेपर 2 पैकेट @ 200/– 400.00 | 530.00 | 31.3.06 | |
| 137/05–06 | इनोवेटिंग एडवरटाइजिंग कोपा कॉटेज सब्जीबाग पटना | 13/10.1.06 | प्लास्टिक सीट $2\frac{1}{1}$ फीट दर अंकित नही है– 250 लिखाई– 300.00 | 550.00 | 31.3.06 | |
| 137/05–06 | आलोक फर्निशिंग मौर्या लोक पटना | 14/30.3.06 | पर्दा 25 मी0 @ 100 प्रति मी0– 2500.00 | 2500.00 | 31.3.06 | पेड एवं कौन्सिल का मुहर नही साथ ही भंडार पुस्त में प्रविष्टि नही पायी गयी। |
| 137/05–06 | माँ सत्यभावनी फोटो स्टेट क्लेक्टेरिएट पटना | 117/21.1.06 | फोटो कॉपी 160 अदद @ 1.00 प्रति अदद 160.00 | 160.00 | 31.3.06 | अभिश्रव अपारित पाया गया। |
| 137/05–06 | अमित इन्टप्राइजेज | 19/– | कार्बन पेपर (कोरस) 5 पैकेट @ 195/– प्रति पैकेट – 975.00 बाउ फाइल 100 अदद @ 450/– प्रति 100 – 450.00 फ्लाई लीफ फाईल 200 पैकेट @ 350/– प्रति 100 पैकेट – 700.00 | 2125.00 | 31.3.06 | |
| 137/05–06 | अमित इन्टप्राइजेज | 20/– | कापिएर पेपर ए–4 साईज 10 पैकेट @ 148.50 प्रति पैकेट 1485.00 | 1485.00 | 31.3.06 | |
| 137/05–06 | पुस्तक एवं फर्म संसार पटना | अभिश्रव 1 का उपअभिश्रव सं0–52 | डुप्लीकेटिंग पेपर– 125 अदद @ 1/– 125.00 | 125.00 | 31.3.06 | |
| 137/05–06 | माँ सलभावनी फोटो स्टेट कलेक्टेरिएट | 6–a/3.3.6 6–b/9.6 | फोटो कॉपी– 433.00 फोटो कॉपी–489.00 फोटो कॉपी–489.00 | 2277.00 | 31.3.06 | ये फोटो कॉपी री दयबिहारी पाण्डेय द्वारा विभिन्न तिथियों |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पटना | 6–c / 13.6.6<br>6–d / 31.1.6<br>6–e / 23.9.06 | फोटो कॉपी–481.00<br>फोटो कॉपी–385.00 | | | को मात्र दिखाकर अभिश्रव बनाकर भुगतान दिखाया गया प्रतीत होता है। |
| 137 / 05–06 | पुस्तक एवं फार्म संसार पटना | 5a / 31.1.06 | फैन्सी रजिस्टर–5 अदद (1 जिस्ता वाला) @ 20 / – प्रति जिस्ता – 100. 00<br>फैन्सी रजिस्टर –5 अदद (2 जिस्ता वाला) @ 40 / –प्रति 2 जिस्ता –200.00<br>फैन्सी रजिस्टर –3 अदद (4 जिस्तावाला) @ 80 / – 240.00 | 540.00 | 31.3.06 | |
| 35 / 06–07 22.9.06 | पुस्तक एवं फार्म संसार पटना | 1 / 26.8.06 | रजिस्टर 2 जिस्ता –200 अदद @ 18 / –3600.00<br>स्टेपलर –9 अदद @ 25 / –225.00<br>पिन– 100 अदद @ 5 / –500.00<br>स्केल 10 अदद @ 7 / – 70.00<br>स्टाम्प पैड 20 अदद @ 30 / – 600.00 | 4995.00 | 9.10.06 | |
| 35 / 06–07 22.9.06 | अंकित नही | 1 / 26.8.06 | आवंटन पुस्तिका –2 अदद @ 25 / – 50.00 | 50.00 | 9.10.06 | |
| 35 / 06–07 22.9.06 | पुस्तक एवं फार्म संसार पटना | 4 / 30.8.6 | व्यय विवरणी –6 अदद @ 100 / –600.00<br>वेतन भुगतान पंजी –2 अदद @ 120 / – 240.00<br>आवंटन पंजी –2 अदद @ 25 / –50. 00 | 890.00 | 9.10.06 | |
| 20 / 06–07 29.6.06 | पुस्तक एवं फार्म संसार पटना | 8 / 18.4.06 | आवंटन पंजी –2 अदद @ 25 / – 50.00 रूलदार | 140.00 | 28.7.06 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | रजिस्टर (2 जिस्तावाला) 4 अदद @ 20/— 80.00 विपत्र फार्म — 2 अदद @ 5/— 10.00 | | | |
| 137/ 05—06 31.3.06 | लाइट कार्नर डाक बंगला रोड, पटना | 3/1.8.05 | 18 वाट इलेक्ट्रिक लैम्प 2 अदद @ 180/— 360.00 | 360.00 | 31.3.06 | |
| 137/ 05—06 31.3.06 | ए वन रबर स्टाम्प दरियपुर गोला | 4/12.08.05 | रबर स्टाम्प —1 अदद अदद @ 80/— 80.00 | 80.00 | 31.3.06 | |
| 137/ 05—06 31.3.06 | ब्राइट स्टेशनर्स | 2/1.8.05 | पेपर वेट —2 अदद @ 40/— 80.00 | 80.00 | 31.3.06 | |
| 137/ 05—06 31.3.06 | पुस्तक एवं फार्म संसार पटना | 9/8.2.06 | रजिस्टर —2 अदद @ 30/— 72.00 एक्सटेन्सिल 10 अदद @ 5/—50.00 कार्बन 20 अदद @ 1/— 20.00 फ्लाईलीफ — 20 अदद @ 2/—40.00 एक्सटेन्सिल डुप्लीवेटिंग पेपर— 2 पैकेट @ 20/—400.00 | 582.00 | 31.3.06 | |
| 44/ 05—06 | मल्होत्रा बुक्स डाक बंगला रोड पटना | 1/21.7.05 | सेकेण्डरी सर्कुलर एवं आर्डर बुक — 1 अदद @ 500/— 500.00 | 500.00 | 25.8.05 | |
| 44/ 05—06 | पुस्तक एंव फार्म संसार पटना | 2/21.7.05 | सहायक का लॉग बुक जील का अदद —330.00 रूलदार पंजी —110.00 अनुकम्पा पंजी —1 अदद —30.00 फ्लाई लीफ 100 अदद—150.00 जिस्ता सादा कागज —12 अदद —120.00 पत्र निर्गत पंजी — | | 1326.00 | 25.8.5 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 200.00<br>प्राप्ति पंजी – 100.<br>00<br>गोन्द – 16.00<br>लिफाफा– 40.00<br>कार्यालय उपस्थिति<br>पंजी – 30.00<br>रूलदार पंजी –<br>200.00 | | | |

कुल रू0– 19295.00